# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

## जनपद–हमीरपुर

मिशन निदेशक महोदय, एन0एच0एम0 उ0प्र0 के निर्देशों के क्रम में श्री इन्द्रजीत सिंह सलाहकार आर0के0एस0के0 एवं बलराम तिवारी, रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट) ए0आर0सी0 सी0पी0 द्वारा दिनांक 27 से 28 फरवरी 2020 के मध्य जनपद हमीरपुर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों तथा सामुदायिक गतिविधियों का भ्रमण किया गया। भ्रमण किये गये बिन्दुओं को जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई व सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अग्रिम कार्योजना पर चर्चा हुई, आख्या निम्नवत् है–

| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–कुरारा | | |
|---|---|---|
| **अवलोकन बिन्दु** | **सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही** | **आपेक्षित कार्यवाही का स्तर** |
| लेवर रूम मे लेवर टेबल पर मैट्रस के नीचे गन्दगी भरी पड़ी थी। डिजिटल वाच डिजीटल थर्मामीटर, बच्चों को लपेटने के लिए तौलिया, रूम थर्मामीटर, की कमी पाई गई। प्रोटोकाल पोस्टर नही लगे थे कैलिस पैड पंचर पाये गये एवं मैरस नहीं था। | आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| आटोक्लेव का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है और न ही लागबुक बनाई गई है। लेबर रूम में उपयोग किये जाने वाले उपकरण का sterilization का रिकार्ड उपलब्ध नहीं था। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / स्टाफनर्स |
| लेबर रूम में सेवन ट्रे व्यवस्थित नही है। डिलिवरी का लोड के अनुसार दो सेट सेवन ट्रे होनी चाहिये परन्तु सिर्फ एक सेट सेवन ट्रे उपलब्ध थी। | मानक के अनुसार ट्रे सेट व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया तथा उपलब्ध 1 सैट ट्रे को व्यवस्थित कराया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / स्टाफ नर्स |
| कलर कोडिड डस्ट बिन के उपयोग न करने तथा बायोमेडिकल बेस्ट का निस्तारण उचित तरीके से नही किया जा रहा था। | कलर कोडिड डस्ट बिन के उपयोग के बारे में बायोमेडिकल बेस्ट का निस्तारण उचित तरीके से निस्तारित करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| रेडियन्ट वार्मर हेतु लागबुक नहीं तैयार किया गया है। जिसके कारण यह पता करना मुश्किल है कि कितने बच्चों हेतु / कितने समय के लिए रेडियन्ट वार्मर का उपयोग किया गया है। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| ऑक्सीजन सिलेण्डर के उपयोगार्थ लागबुक नहीं बनाई गई है। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| ए0एन0सी0, डिलिवरी रजिस्टर, रेफरल आउट रजिस्टर प्रिन्टिड उपलब्ध नहीं थे। | जल्द से जल्द रजिस्टर उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0पी0एम0 |
| लेबर रूम के स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया है। | रोस्टर बनाकर उसके अनुसार ड्यूटी कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| ए0एनसी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग नहीं बनाये गये है। | ए0एनसी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग तैयार करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| सी0एच0सी0 पर ए0एन0सी0 नही की जाती है, तथा ए0एन0सी0 हेतु एग्जामीनेशन टेबल उपलब्ध नहीं थी। | जल्द से जल्द टेबल उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| वार्ड में टी0वी0 की व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण आई0ई0सी0 से सम्बन्धित विडिओ का डिस्प्ले नहीं किया जा रहा | वार्ड में टी0वी0 की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| केश शीट पूरी भरी नही जा रही है। केश शीट अपूर्ण पाई गई। | | स्टाफ नर्स |
| डाइट रजिस्टर अपूर्ण था तथा मीनू की वाल राइटिंग नही कराई गई है। लाथार्थियों को सुबह में नाश्ते में दूध के स्थान पर चाय दी जा रही थी। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| बी0पी0एम0यू0 यूनिट में सभी कार्यक्रम से सम्बन्धित फाईलें नहीं तैयार की गई है। | सी0पी0 तथा अन्य कार्यक्रमों की फाईल तैयार कराई गई। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| आशा भुगतान वाउचर पर वित्तीय वर्ष 2019–20 में एम0ओ0आई0सी0, बैम, बी0सी0पी0एम0 के हस्ताक्षर नहीं थे। जबकि आशाओं को भुगतान किया गया है। | भुगतान से पहले आशा वाउचर पर सभी के हस्ताक्षर अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| रोगी कल्याण समिति रजिस्टर एवं उसका व्यय सम्बन्धी विवरण का अवलोकन नहीं किया जा सका क्योंकि रजिस्टर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जनपद स्तर पर रखा जा रहा है। | रोगी कल्याण समिति रजिस्टर का ब्लाक पर उपलब्धता अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| विफ्स रिपोर्ट शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 से नहीं मंगाई जा रही है। फिर भी ब्लाक द्वारा विफ्स रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। | शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 से प्राप्त रिपोर्ट को संकलित कर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| ब्लाक से आंगनबाड़ी केन्द्र एव स्कूल में विफ्स रजिस्टर विफ्स कार्ड, निपी एवं विफ्स पोस्टर्स उपलब्ध नहीं कराये गये है। | विफ्स रजिस्टर विफ्स कार्ड, निपी एवं विफ्स पोस्टर्स उपलब्धता अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा 31 से लेकर 38 डिजीज (किशोर स्वास्थ्य) के बारे में मासिक रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है। | सभी डिजीज के सम्बन्ध में रिपोर्टि करने के लिए कहा गया। | आर0बी0एस0के0 मेडिकल टीम |
| कन्डोम बाक्स खुला हुआ पाया गया। और उसमे कन्डोम उपलब्ध नहीं थे। | बाक्स में लॉक लगाने एवं नियमित रूप से कन्डोम बाक्स में उपलब्ध कराना अपेक्षित | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| बीसीपीएम / बी0पी0एम0 सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान सभी माह का नहीं बनाया गया था। और न ही उनके द्वारा भ्रमण किया जा रहा | सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान तैयार कराये गये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 |
| सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं आर0बी0एस0के0 वाहन का लॉगबुक मेन्टेन नहीं की जा रही है तथा वाहन उपयोग करने वाले व्यक्ति का नाम लॉगबुक में नहीं भरा जा रहा है। | लॉगबुक मेन्टेन कराना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| **लाली का डेरा आंगनबाड़ी केन्द्र और प्राथमिक विद्यालय (आर0बी0एस0के0 टीम)** | | |
| आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्वास्थ्य परीक्षण सत्र माईक्रोप्लान के अनुसार नहीं किया जा रहा है। | माईक्रोप्लान के अनुसार सत्र का आयोजन अपेक्षित। | ज्नपदीय नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 आर0के0एस0के0 / डी0ई0आई0सी0 मैनेजर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / आर0बी0एस0के0 टीम |
| टीम के पास कोई भी उपकरण उपलब्ध नहीं था। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि फार्मासिस्ट द्वारा उपकरण अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गये है। | उपकरण की उपलब्धता अपेक्षित। | |
| एम0एच0टी0 रजिस्टर में रेफरल किये गये बच्चों का रिकार्ड टीम द्वारा नहीं भरा जा रहा है। | रिकार्ड पूर्ण रूप से भरा जाना अपेक्षित। | |
| मेडिकल की टीम द्वारा भ्रमण के दिन गुणवत्तापरक स्वास्थ्य परीक्षण सत्रों का आयोजन नहीं किया जा रहा | गुणवत्तापरक स्वास्थ्य परीक्षण सत्रों का आयोजन अपेक्षित। | |

| | | |
|---|---|---|
| है। केवल बच्चों के नाम रजिस्टर में लिखे जा रहे है। एवं स्क्रीनिंग के लिए बहुत कम समय दिया जा रहा है। | | |
| मेडिकल टीम आयरन पिंक एवं आयरन ब्लू की गोलियों का बफर स्टाक लेकर नहीं जा रही है। मेडिकल टीम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूलों में विफ्स कार्यक्रम का अनुश्रवण नहीं कर रही है। | बफर स्टाक ले जाना एवं कार्यक्रम का अनुश्रवण करना अपेक्षित। | |
| आंगनबाड़ी केन्द्र एव स्कूल में विफ्स रजिस्टर विफ्स कार्ड, निपी एवं विफ्स पोस्टर्स उपलब्ध नहीं कराये गये है। | विफ्स रजिस्टर विफ्स कार्ड, निपी एवं विफ्स पोस्टर्स उपलब्धता अपेक्षित। | |
| आंगनबाड़ी तथा स्कूल द्वारा विफ्स कार्यक्रम की रिपोर्ट नहीं भेजी जा रही है। | रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु आई0सी0डी0एस0 एवं0 शिक्षा विभाग से समन्वय अपेक्षित। | |
| आर0बी0एस0के0 वाहन के डाईवर के पास लॉग बुक उपलब्ध नही थी। | वाहन में लॉग बुक उपलब्धता अपेक्षित। | |
| **हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–खड़ौत, हमीरपुर।** | | |
| उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 द्वारा डिलिवरी किया जाना रिपोर्ट किया गया था। परन्तु सेन्टर पर डिलिवरी कराने सम्बन्धित कोई भी उपकरण आवश्यक मेडिसिन उपलब्ध नहीं थी। उपकेन्द्र इस स्थिति में नहीं पाया गया कि पिछले 6–7 महीनों में कोई भी डिलिवरी कराई गई है। इससे प्रतीत होता है कि ए0एन0एम0 द्वारा होम डिलिवरी को इन्टीट्यूशन डिलिवरी के रूप में रिपोर्ट किया जा रहा है। | सम्बन्धित ए0एन0एम0 पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| प्रसव कक्ष के अन्तर्गत कैलिस पैड, मैट्रस, व बी0एच0टी0, डिलिवरी रजिस्टर, एग्जामीनेशन टेबल, डिजीटल थर्मामीटर, बच्चों को लपेटने के लिए तौलिया, रूम थर्मामीटर, उपलब्ध नही थी। | आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में कक्ष का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है परन्तु हैण्डओवर अभी तक नहीं किया गया है। | जल्द से जल्द हैण्डओवर किया जाना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0सी0पी0एम0 |
| एच0डब्ल्यू0सी0 पर योगा कक्ष नहीं बनाया गया है एवं योग से सम्बन्धित गतिविधियां भी नहीं कराई जा रही है। | योगा कक्ष बनाने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| सेन्टर में काफी कबाड़ का सामान भरा पाया गया तथा कैम्पस में साफ–सफाई का अभाव था। | सेन्टर की साफ–सफाई अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / ए0एन0एम0 |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हेतु उपलब्ध कराई गई फर्नीचर एवं उपकरण उपकेन्द्र में पैक रखे पाये गये। उसका उपयोग नहीं किया जा रहा था। | फर्नीचर एवं उपकरण को बाहर निकालकर उपयोग में लाया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 |
| हेल्थ हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर किसी प्रकार की आई0ई0सी0 मटेरियल प्रिन्टिड रजिस्टर्स उपलब्ध नहीं कराये गये है। | आई0ई0सी0 मटेरियल प्रिन्टिड रजिस्टर्स उपलब्धता अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0सी0पी0एम0 |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –सरीला, हमीरपुर** | | |
| लेवर रूम मे डिजिटल वाच डिजीटल थर्मामीटर, बच्चों को लपेटने के लिए तौलिया, रूम थर्मामीटर, की कमी | आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा |

| | | |
|---|---|---|
| पाई गई। | | अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 / बैम |
| ए0एन0सी0, डिलिवरी रजिस्टर, रेफरल आउट रजिस्टर प्रिन्टिड उपलब्ध नहीं थे। | जल्द से जल्द रजिस्टर उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0पी0एम0 |
| लेबर रूम के स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया है। | रोस्टर बनाकर उसके अनुसार ड्यूटी कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| ए0एनसी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग नहीं बनाये गये है। | ए0एनसी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग तैयार करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| सी0एच0सी0 पर ए0एन0सी0 नही की जाती है, तथा ए0एन0सी0 हेतु एग्जामीनेशन टेबल उपलब्ध नहीं थी। | जल्द से जल्द टेबल उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0पी0एम0 |
| लेबर रूम के स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया है। | रोस्टर बनाकर उसके अनुसार ड्यूटी कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| ऑक्सीजन सिलेण्डर रेडियन्ट वार्मर एवं आटोइन्क्लेव हेतु लागबुक नहीं तैयार किया गया है। जिसके कारण यह पता करना मुश्किल है कि कितने बच्चों हेतु / कितने समय के लिए इन उपकरण का उपयोग किया गया है। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| विफ्स रिपोर्ट शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 से नहीं मंगाई जा रही है। फिर भी ब्लाक द्वारा विफ्स रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। | शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0 एस0 से प्राप्त रिपोर्ट को संकलित कर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| आर0बी0एस0के0 कक्ष में विफ्स कार्ड रखे पाये गये। जिनहें स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रो तक नहीं भेजा गया है। | त्वरित रूप से विफ्स कार्ड भेजना अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| लैब में कलर कोड डस्टविन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। तथा एक वाल्टी में ही सभी प्रकार के बायोमेडिकल बेस्ट डाला जा रहा था। | कलर कोड डस्टविन मंगाई गई एवं बायोमेडिकल बेस्ट का पृथकीकरण कराना सुनिश्चित किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| बीसीपीएम / बी0पी0एम0 सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान सभी माह का बनाया गया है। और न ही उनके द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। | सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान तैयार कराये गये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 |
| ब्लाक में चयनित सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों की ब्रान्डिंग अभी तक नहीं की गई है। | जल्द से जल्द ब्रान्डिंग अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 |
| सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं आर0बी0एस0के0 वाहन का लॉगबुक मेन्टेन नहीं की जा रही है तथा वाहन उपयोग करने वाले व्यक्ति का नाम लॉगबुक में नहीं भरा जा रहा है। | लॉगबुक मेन्टेन कराना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा भ्रमण के अन्तिम दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भेंट कर फीडबैक दिया गया निम्न लिखित बिन्दुओं पर सुझाव / निर्देश दिये गये–

1. जनपद में धनराशि उपलब्ध न होने के कारण पूर्ण की गई गतिविधियों का व्यय सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है।

2. सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु जनपद स्तर से टीम गठित करने का सुझाव दिया गया ताकि टीम द्वारा प्रत्येक फैसीलिटी का भ्रमण कर सुधारात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
3. एच0एम0आई0एस0 तथा यू0पी0 एच0एम0आई0एस0 के ऑकड़ों की नियमित समीक्षा तथा वैलिडेशन प्रत्येक स्तर पर किया जाए।
4. प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर अधिकारियों के साथ भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में।
5. ब्लाकों द्वारा विद्यालयों/इण्टर कालेजों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में विफ्स/निपी रजिस्टर, कार्ड, पोस्टर अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गये है। तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुझाव दिया गया।
6. आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा माइक्रोप्लान के अनुसार सत्र करने एवं बफर स्टाक के रूप में आयरन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया।
7. आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा गुणवत्ता परक सत्र आयोजित करने एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराये गये उपकरणों का उपयोग तथा विफ्स कार्यक्रम का अनुश्रवण नियमित रूप से करने का सुझाव दिया गया।
8. सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स उपकेन्द्र/पी0एच0सी0 की ब्रान्डिंग माह मार्च 2020 तक पूर्ण कराने एवं क्रियाशील को बनाने का सुझाव दिया गया।
9. जनपद के सभी उपकेन्दों की साफ–सफाई, आवश्यक उपकरण,रजिस्टर की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने का सुझाव दिया गया।
10. जनपद में पी0बी0आई0 अभी तक किसी भी सी0एच0ओ0 को नही दिया गया है। पी0बी0आई0 निर्गत करने हेतु त्वरित कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

**(बलराम तिवारी,)**
रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट)
ए0आर0सी0 सी0पी0

**इन्द्रजीत सिंह**
सलाहकार
आर0के0एस0के0

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19 ए विधान सभा मार्ग लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– हमीरपुर, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / कम्यू.प्रो0 / एम.एण्ड ई.भ्रमण / 2018–19 / 105/10465 दिनांक : 20-03-2020

विषय : राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 27 से 28 फरवरी 2020 के मध्य नामित राज्य स्तरीय टीम द्वारा आपके जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण की विस्तृत रिपोर्ट, पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को तत्काल दूर कराकर अपनी आख्या उपलब्ध करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(विजय विश्वास पन्त)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / कम्यू.प्रो0 / एम.एण्ड ई.भ्रमण / 2018–19 / 105 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उ0प्र0।
2. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद हमीरपुर उ0प्र0।
3. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूट मण्डल, उ0प्र0
4. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चित्रकूट उ0प्र0।
6. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक,डी0ई0आई0सी0 मैनेजर / अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर जनपद हमीरपुर, उ0प्र0।

(डॉ0 ए0बी0 सिंह)
उपमहाप्रबन्धक–एन0सी0डी0
/ मण्डलीय नोडल अधिकारी
चित्रकूट मण्डल